# छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर

## सूचना

माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर में स्टाफ कार ड्राईवर एवं लिफ्ट मैन के पदों की भर्ती हेतु विज्ञापन क्रमाँक–01/2021, दिनाँक–03/07/2021 के माध्यम से आवेदन–पत्र मंगाये गये थे।

स्टाफ कार ड्राईवर के पद हेतु प्राप्त आवेदन पत्र में से सही पाये गये आवेदन पत्र के अभ्यर्थियों को विज्ञापन की कण्डिका 20 के आलोक में कक्षा दसवीं में प्राप्त प्राप्तांक के आधार पर 55 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले कुल 481 पुरूष वर्ग (अनारक्षित, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति) के अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु आहूत किया गया है तथा महिला वर्ग के प्राप्त आवेदन पत्रों में से सही पाये गये आवेदन पत्रों के सभी 04 अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु आहूत किया गया है। इस प्रकार कुल 485 अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु आहूत किया गया है।

लिफ्ट मैन के पद हेतु प्राप्त आवेदन पत्र में से सही पाये गये आवेदन पत्र के अभ्यर्थियों को विज्ञापन की कण्डिका 20 के आलोक में कक्षा बारहवीं में प्राप्त प्राप्तांक के आधार पर 65 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले कुल 204 अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु आहूत किया गया है।

स्टाफ कार ड्राईवर एवं लिफ्ट मैन के पदों हेतु प्रथम चरण की लिखित परीक्षा दिनाँक 07/05/2023 को प्रातः 11.00 बजे से 12.00 बजे तक आयोजित की जायेगी। अभ्यर्थी लिखित परीक्षा के दिन परीक्षा प्रारंभ होने से एक घंटा पूर्व (प्रातः 10.00 बजे) निम्नानुसार परीक्षा केंद्रों में अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगें–

| स.क्र. | परीक्षा केन्द्र | पद | अभ्यर्थियों की संख्या | अनुक्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 01 | देवकीनंदन कन्या उ.मा. शाला, बिलासपुर | स्टाफ कार ड्राईवर | 400 | 001 से 400 तक |
| 02 | शा. उ.मा. शाला, राजेन्द्र नगर, बिलासपुर | स्टाफ कार ड्राईवर | 85 | 401 से 485 तक |
| | | लिफ्ट मैन | 204 | 001 से 204 तक |

आवेदक अपना प्रवेश पत्र उच्च न्यायालय की वेबसाइट https://highcourt.cg.gov.in/recruithc.html से डाउनलोड कर सकते हैं, जो उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया जायेगा, जो अभ्यर्थी के लिखित परीक्षा के लिये अधिकृत प्रवेश पत्र होगा। किसी भी आवेदक को अन्य किसी माध्यम से प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जायेगा। निर्धारित तिथि एवं समय को लिखित परीक्षा में उपस्थित नहीं होने पर अभ्यर्थियों का लिखित परीक्षा किसी अन्य तिथि/समय पर नहीं लिया जायेगा तथा उनका लिखित परीक्षा हेतु दावा/अधिकार समाप्त हो जाएगा।

लिखित परीक्षा स्थल में अभ्यर्थी अपनी पहचान के संबंध में अपना पहचान पत्र जैसे ड्राईविंग लायसेंस /वोटर आई.डी. कार्ड/आधार कार्ड/बैंक पास–बुक (फोटो युक्त)/पैन कार्ड/स्मार्ट कार्ड में से किसी एक की मूल प्रति एवं उसकी एक छायाप्रति तथा प्रवेश पत्र के साथ उपस्थित होंगे। लिखित परीक्षा स्थल में प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र की छायाप्रति में अपना रोल नम्बर अंकित कर स्वयं का हस्ताक्षर (स्वप्रमाणित) कर वीक्षक को अनिवार्य रूप से सौपेंगे।

विस्तृत जानकारी छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की वेबसाइट https://highcourt.cg.gov.in पर देखा जा सकता है।

(अरविंद कुमार वर्मा)
रजिस्ट्रार जनरल
छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर
29.04.2023